# Report

# EBSB Day 30 May 2020

आज राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब द्वारा केरल राज्य में मुख्य रूप से पाए जाने वाले वनस्पति एवम् जीव जंतुओं पर राज्य स्तरीय ऑनलाइन वेबीनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के एक भारत श्रेष्ठ भारत नोडल अधिकारी डॉक्टर बलवीर पटियाल और महाविद्यालय के प्राचार्य राम कृष्ण जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। महाविद्यालय के छात्रों को केरल राज्य में पाए जाने वाली विभिन्न जैव विविधताओं से अवगत कराने के लिए वेबीनार का आयोजन किया गया। वेबीनार में केरल राज्य से संबंध रखने वाले महाविद्यालय के जीव जंतु विभाग में कार्यरत शोधकर्ता श्री पॉल ने वेबीनार के मूल विषय पर अपना व्याख्यान दिया और केरल राज्य की प्रतीकात्मक वनस्पति एवं जीव जंतु प्रजातियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। इस के अतिरिक्त उन्होंने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को रोजमर्रा में प्रयोग होने वाले वाक्य मलयालम भाषा में भी सिखाए। इस वेबीनार में स्थानीय महाविद्यालय के छात्रों, एनसीसी कैडेट्स व प्राध्यापकों के अलावा हिमाचल प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों से कुल 80 प्रतिभागी लाभान्वित हुए। महाविद्यालय के एक भारत श्रेष्ठ भारत नोडल अधिकारी डॉ अतुल गुप्ता ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए क्लब समन्वयक डॉ पूनम धीमान, छात्रा समन्वयक शालिनी, क्लब सदस्य प्रो सुनील कुमार एवम् लेफ्टिनेंट जय चंद का इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद किया।

# Media Coverage

# विद्यार्थियों ने केरल में पाई जाने वाली जैव विविधताओं की जानकारी हासिल की

## राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में वैबिनार किया आयोजित

बिलासपुर, 30 मई (ब्यूरो): राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब द्वारा केरल राज्य में मुख्य रूप से पाए जाने वाले वनस्पति एवं जीव-जंतुओं पर राज्य स्तरीय ऑनलाइन वैबिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के एक भारत श्रेष्ठ भारत नोडल अधिकारी डा. बलवीर पटियाल और महाविद्यालय के प्राचार्य रामकृष्ण मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के समन्वयक डा. अतुल गुप्ता ने बताया कि बिलासपुर महाविद्यालय प्रत्येक महीने के अंतिम शनिवार को एक भारत श्रेष्ठ भारत दिवस के रूप में मनाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को अपने देश की संस्कृति से जोड़ना है। कार्यक्रम का संचालन मानव संसाधन मंत्रालय भारत सरकार के दिशा-निर्देश पर किया जा रहा है। वैबिनार में केरल राज्य से संबंध रखने वाले महाविद्यालय के जीव-जंतु विभाग में कार्यरत शोधकर्त्ता पाल ने वैबिनार के मूल विषय पर अपना व्याख्यान दिया और केरल राज्य की प्रतीकात्मक वनस्पति एवं जीव-जंतु प्रजातियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। इस वैबिनार में स्थानीय महाविद्यालय के विद्यार्थियों, एन.सी.सी. कैडेट्स और प्राध्यापकों के अलावा हिमाचल प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों से 80 प्रतिभागी लाभान्वित हुए।

डा. अतुल गुप्ता ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए क्लब समन्वयक डा. पूनम धीमान, छात्रा समन्वयक शालिनी, क्लब सदस्य प्रो. सुनील कुमार एवं लैफ्टिनैंट जय चंद का आभार व्यक्त किया।

# वनस्पति एवं जीव जंतुओं की दी जानकारी

बिलासपुर। बिलासपुर पीजी कॉलेज में शनिवार को एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब की ओर से केरल राज्य में मुख्य रूप से पाए जाने वाले वनस्पति एवं जीव जंतुओं पर राज्य स्तरीय ऑनलाइन वेबीनार का आयोजन किया गया। इसमें हिमाचल प्रदेश के एक भारत श्रेष्ठ भारत नोडल अधिकारी डॉक्टर बलवीर पटियाल और महाविद्यालय के प्राचार्य राम कृष्ण मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अतुल गुप्ता ने बताया कि हिमाचल प्रदेश को केरल राज्य के साथ जोड़ा गया है। इस वेबीनार में केरल राज्य से संबंध रखने वाले महाविद्यालय के जीव जंतु विभाग में कार्यरत शोधकर्ता पॉल ने वेबीनार के मूल विषय पर अपना व्याख्यान दिया और केरल राज्य की प्रतीकात्मक वनस्पति एवं जीव जंतु प्रजातियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।

# जीव-जंतुओं पर राज्य स्तरीय ऑनलाइन सेमिनार

**बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब की ओर से केरल राज्य में पाए जाने वाली वनस्पति एवं जीव-जंतुओं पर राज्य स्तरीय ऑनलाइन सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के एक भारत श्रेष्ठ भारत नोडल अधिकारी डॉक्टर बलवीर पटियाल और महाविद्यालय के प्राचार्य रामकृष्ण मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. अतुल गुप्ता ने बताया कि बिलासपुर महाविद्यालय प्रत्येक महीने के अंतिम शनिवार को एक भारत श्रेष्ठ भारत दिवस मनाता है। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को अपने देश की संस्कृति से जोड़ना है। कार्यक्रम का संचालन मानव संसाधन मंत्रालय भारत सरकार के दिशा-निर्देश पर किया जा रहा है। संवाद

# बिलासपुर कालेज में सजा ऑनलाइन वेबिनार

घुमारवीं। राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब द्वारा केरल राज्य में मुख्य रूप से पाए जाने वाले वनस्पति एवं जीव जंतुओं पर राज्यस्तरीय ऑनलाइन वेबीनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के एक भारत श्रेष्ठ भारत नोडल अधिकारी डॉक्टर बलवीर पटियाल और महाविद्यालय के प्राचार्य राम कृष्ण मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समन्वयक डा. अतुल गुप्ता ने बताया कि बिलासपुर महाविद्यालय प्रत्येक महीने के अंतिम शनिवार को एक भारत श्रेष्ठ भारत दिवस के रूप में मनाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को अपने देश की संस्कृति से जोड़ना है। कार्यक्रम का संचालन मानव संसाधन मंत्रालय भारत सरकार के दिशा-निर्देश पर किया जा रहा है। हमारे राज्य हिमाचल प्रदेश को केरल राज्य के साथ जोड़ा गया है। इसी कड़ी में महाविद्यालय के छात्रों को केरल राज्य में पाए जाने वाली विभिन्न जैव विविधताओं से अवगत कराने के लिए इस वेबीनार का आयोजन किया गया। वेबीनार में केरल राज्य से संबंध रखने वाले महाविद्यालय के जीव जंतु विभाग में कार्यरत शोधकर्ता श्री पॉल ने वेबीनार के मूल विषय पर अपना व्याख्यान दिया और केरल राज्य की प्रतीकात्मक वनस्पति एवं जीव जंतु प्रजातियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। इस वेबीनार में स्थानीय महाविद्यालय के छात्रों, एनसीसी कैडेट्स व प्राध्यापकों के अलावा हिमाचल प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों से कुल 80 प्रतिभागी लाभान्वित हुए। डा. अतुल गुप्ता ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए क्लब समन्वयक डा. पूनम धीमान, छात्रा समन्वयक शालिनी, क्लब सदस्य प्रो. सुनील कुमार एवं लेफ्टिनेंट जय चंद का इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद किया।